देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 19 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...बयानबाजी और खींचतान दुर्भाग्यपूर्ण



देहरादून, रविवार, 12 अप्रैल 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 20.0°

31159.62

2 अमेरिका को विकासशील देश बना दो

7 लॉकडाउन खत्म होगा तो घर ही नहीं जाऊंगा

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में 24 घंटे में 40 मौतें, नए मामलों का बना रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। पिछले 24 घंटे में 1,035 नए मामले आए हैं जो अबतक एक दिन का रेकॉर्ड है। इसी बीच 40 संक्रमित मरीजों ने दम तोड़ दिया। शुक्रवार को देश भर में कोरोना के 859 मामले दर्ज किए गए थे। यह आंकड़े अब डराने लगे हैं कि भारत में कोरोना स्टेज 3 की तरफ तो नहीं बढ़ रहा। देश में फिलहाल 7,447 कन्फर्म मामले हैं जिनमें से 6,665 एक्टिव हैं। 643 को डिस्चार्ज/माइग्रेट किया जा चुका है।

### सिस्टम की लापरवाही से मर गया मेरा बच्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जहानाबाद। लॉकडाउन के दौरान आपको कुछ ऐसी तस्वीरें मिली जिन्होंने इंसानियत की मिसाल पेश की। लेकिन बिहार के जहानाबाद जिले में एक पिता ने स्थानीय अफसरों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि लापरवाही के चलते एंबुलेंस न मिलने पर 3 साल के बच्चे की मौत हो गई।

जहानाबाद सदर अस्पताल में शुक्रवार की दोपहर जो हुआ उसे देख कर हर मां, हर बाप का कलेजा चाक हो जाएगा। मां की गोद में 3 साल के एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। मां–बाप का आरोप है कि ये सबकुछ सिस्टम की लापरवाही की वजह से हुआ।

### अगली कक्षा में प्रमोट होंगे स्टूडेंट्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** राजस्थान। अब राजस्थान में भी पहली से लेकर 8वीं तक और 9वीं एवं 11वीं क्लास के छात्रों को परीक्षा के बगैर प्रमोट किया जाएगा। राजस्थान के शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह दोतसारा ने सरकारी अधिसूचना को ट्वीट करके यह जानकारी दी है। प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज विभाग के निदेशक की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि 8वीं क्लास तक के छात्रों को प्रमोट माना जाएगा।

# आतंकियों को मारेंगे और दुनिया को दिखाएंगे

भारतीय सेना का पाकिस्तान को सीधा संदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने शुक्रवार को पाकिस्तान अधकृित कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकाने को बर्बाद कर अपने जवानों की शहादत का बदला ले लिया। सेना की बोफोर्स तोपों ने भारतीय सीमा में आतंकवादियों को भेजने की नापाक साजिश रचने वाले पाकिस्ध्तान को सीधी चेतावनी दी है। भारत ने ड्रोन विमान से लिए हमले के विडियो को जारी करके पाकिस्तान के हुक्ध्मरानों और सेना को स्पष्ट संदेश दिया है कि हम न केवल मारेंगे, बल्कि उसे दुनिया को दिखाएंगे।

दरअसल, बालाकोट हवाई हमले के बाद पाकिस्तान डर गया था और उसने आतंकवादियों को भारतीय सीमा में भेजना कम कर दिया था। हालांकि अब उसमें फिर काफी तेजी आ गई है। पिछले दिनों उत्तरी कश्मीर के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार से घुसपैठ कर आए एक आतंकवादी समूह और सुरक्षाबलों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी। इसमें सेना के स्पेशल फोर्सेस के 5 जवान शहीद हो गए थे। मुठभेड़ में पांच आतंकवादी भी मारे गए हैं। यह मुठभेड़ इतनी भीषण थी कि सेना के जवानों और आतंकवादियों के बीच आमने–सामने से लड़ाई हुई।

हालांकि बाद में भारत ने हमले की सटीकता के बारे में कई सबूत देकर उसकी बोलती बंद कर दी थी। इस बार सेना ने आतंकी ठिकाने को नष्ट करने का ड्रोन से लिया गया विडियो जारी किया।

सेना ने पाकिस्तान और उसकी सेना को सीधा संदेश दिया कि अगर उसने आतंकियों को भेजना जारी रखा तो आगे अभी कई बालाकोट जैसे हमले होते रहेंगे।

## पीओके में उड़े टेरर कैंप, पाक सेना को लगी मिर्ची



### सेना ने बदली रणनीति, पाकिस्तान को सीधा संदेश

भारतीय सेना आमतौर पर इस तरह के हमले के विडियो जारी नहीं करती है लेकिन इस बार सेना ने आतंकी ठिकाने के नष्ट होने का ड्रोन से लिया गया विडियो जारी किया है। यह कुछ उसी तरह से है जैसे अमेरिका और इजरायल जैसे देश अपने हमले के विडियो जारी करते हैं। सेना ने इस बार अपनी रणनीति बदली है।

दरअसल, बालाकोट हमले के बाद पाकिस्तान ने कहा था कि कुछ पेड़ ही नष्ट हुए हैं। पाकिस्तान ने कहा कि उसे भारत के हवाई हमले में कोई नुकसान नहीं हुआ।

### बोफोर्स तोपों ने आतंकियों पर बरपाया कहर

पाकिस्तान की इस कायरना हरकत का भारत ने बदला ले लिया है। भारतीय सेना की तोपों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित एक आतंकी ठिकाने को तबाह कर दिया। इस आतंकी लॉन्च पैड से भारत में आतंकवादियों को भेजा जाता था और कई दिनों से इस पर भारतीय सेना की नजर थी। 5 दिलेर जवानों की शहादत के बाद भारतीय सेना ने 155 एमएम की बोफोर्स तोपों की मदद से आतंकी ठिकाने को बर्बाद कर दिया।

सूत्रों के मुताबिक सेना ने अपनी इस जवाबी कार्रवाई के दौरान पाकिस्तानी सेना की तोपों और ठिकानों को भी निशाना बनाया। ये पाकिस्ध्तानी तोपें गोलाबारी करके न केलव संघर्ष विराम का उल्लंघन करती हैं, बल्कि आतंकवादियों को भारतीय सीमा में भेजने में मदद करती हैं।

### मुख्यमंत्रियों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सलाह, बढ़ाएं कोरोना लॉकडाउन

# देशभर में लॉकडाउन पर हो सकता है फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में 14 अप्रैल के बाद भी लॉकडाउन रहेगा या नहीं, यह अभी साफ नहीं हुआ है। लेकिन इसपर चर्चा करने के लिए आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई इस मीटिंग में मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार 24 घंटे और सातों दिन राज्यों की मदद के लिए तैयार है। मीटिंग में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम अमरिंदर सिंह समेत 5 मुख्यमंत्री अबतक लॉकडाउन बढ़ाने की अपील कर चुके हैं।

### मोदी ने कहा, 24 घंटे, सातों दिन आपके साथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीटिंग में राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों से कहा कि केंद्र सरकार उनकी हरसंभव मदद को तैयार है। वे 24 घंटे सहयोग को तैयार हैं। मोदी इस मीटिंग में गमछा लपेटकर बैठे थे। मोदी इससे पहले ही कह चुके हैं कि मुंह कवर करने के लिए मास्क ही नहीं कुछ भी चलेगा।

**लॉकडाउन बढाएं, लेकिन किसानों को दे राहतः अमरिंदर सिंह**
पीएम मोदी संग बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने भी लॉकडाउन बढ़ाने का समर्थन किया। उन्होंने यह भी कहा कि इंडस्ट्री और खेती से जुड़ी चीजों को राहत मिलनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि रैपिड किट की डिलिवरी तेज होनी चाहिए। उन्होंने बैठक में बताया कि पंजाब सरकार ने एक मई तक कर्फ्यू लगाने अथवा पूरी तरह बंद लागू करने का पहले ही निर्णय ले लिया है। सभी शिक्षण संस्थान 30 जून तक बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य की बोर्ड परीक्षाएं भी अगले आदेश तक के लिए टाल दी गईं हैं।



ओडिशा, पंजाब पहले ही बढ़ा चुके लॉकडाउन की मियाद

**केजरीवाल बोले, 30 अप्रैल तक करें लॉकडाउनः** प्रधानमंत्री मोदी संग बैठक में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने लॉकडाउन बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली समेत पूरे भारत में लॉकडाउन को 30 अप्रैल तक बढ़ाना चाहिए। केजरीवाल ने कहा, केवल दिल्ली में बंद की अवधि बढ़ाने से कोई फायदा नहीं होगा।

**मीटिंग से पहले चिदंबरम की सलाहः** इस बैठक से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने शनिवार को कहा कि सभी राज्यों के मुख्यमंत्री पीएम मोदी से यह मांग करें कि गरीब परिवारों तक नकद राशि पहुंचाई जाए। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्रियों को यह मांग करनी चाहिए कि हर गरीब परिवार को नकदी प्रदान की जाए। गरीबों को पैसा देना उनकी सर्वसम्मत मांग होनी चाहिए।

# भारत में अबतक 7447 मरीज, 239 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के चलते मृतकों का आंकड़ा शनिवार को 239 पर पहुंच गया और कुल संक्रमितों की संख्या 7,477 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक अब भी 6,565 लोग संक्रमण की चपेट में हैं जबकि 642 लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और एक व्यक्ति विदेश चला गया है। मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार शाम से अब तक 33 लोगों की मौत हुई है। इनमें 17 मौत मध्य प्रदेश में, 13 महाराष्ट्र में, दो गुजरात में और एक असम में हुई है।

कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा 110 मौत महाराष्ट्र में हुई है। इसके बाद मध्य प्रदेश में 33, गुजरात में 19 और दिल्ली में 13 लोगों की मौत हुई है।

### तेजी से बढ़ रहे कोरोना वायरस के मरीज

पंजाब में 11 मौत जबकि तमिलनाडु में आठ और तेलंगाना में सात लोगों की मौत हुई है। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में छह–छह लोगों की मौत जबकि पश्चिम बंगाल में पांच लोगों की मौत हुई है। जम्मू–कश्मीर और उत्तर प्रदेश में जहां चार–चार मौत हुई है वहीं हरियाणा और राजस्थान में तीन–तीन लोगों ने वायरस के कारण अपनी जान गंवाई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक केरल में दो लोगों की मौत हुई है।

# एक गांव में 34 को कोरोना, हड़कंप

जवाहरपुर गांव में इतने कोरोना मरीज मिलने से प्रशासन अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मोहाली। पंजाब में कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार बढ़ता ही जा रहा है। यहां अभी तक इस जानलेवा वायरस के 130 पॉजिटिव केस सामने आ चुके हैं, जिसमें से 10 की मौत हो चुकी है। लेकिन मोहाली के एक गांव में 34 मरीजों के मिलने के बाद से हड़कंप मच गया है। जवाहरपुर गांव में अभी तक कोरोना के 34 मामले सामने आ चुके हैं।

मोहाली (साहिबजादा अजीत सिंह नगर) के डेप्युटी कमिश्नर गिरिश दयालान ने जानकारी देते हुए बताया, ऽमोहाली में अभी तक कोरोना के 50 केस सामने आ चुके हैं। इनमें सबसे अधिक 34 पॉजिटिव केस अकेले जवाहरपुर गांव में ही पाए गए हैं। दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 5 इलाज के बाद स्वस्थ हो चुके हैं। यह गांव मोहाली के डेरा बस्सी कस्बे में स्थित है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in